बिहार सरकार

**शिक्षा विभाग**

पत्रांक : 11/वि० 11–11/2022....49.                                        पटना, दिनांक.....17/6/26

सेवा में,

**महालेखाकार** (लेखा एवं हकदारी),
बिहार, पटना।

द्वारा: आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।

विषय: **वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य योजनान्तर्गत शैक्षणिक भ्रमण हेतु राज्य के 38 जिलों के कुल 825 उत्क्रमित एवं नवस्थापित माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत ₹20,000/– (बीस हजार रूपये) प्रति विद्यालय की दर से कुल उपबंधित राशि ₹5,00,00,000/– (पांच करोड़) मात्र में से वित्त विभागीय पत्रांक–314, दिनांक–01.04.2026 के आलोक में प्रथम किस्त के रूप में 33 प्रतिशत अर्थात कुल ₹1,65,00,000/– (एक करोड़ पैंसठ लाख रूपये) मात्र राशि की स्वीकृति एवं विमुक्ति की स्वीकृति के संबंध में।**

**आदेश : स्वीकृत।**

उपर्युक्त विषयक निदेशानुसार कहना है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य योजनान्तर्गत शैक्षणिक भ्रमण हेतु राज्य के 38 जिलों के कुल 825 उत्क्रमित एवं नवस्थापित माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत ₹20,000/– (बीस हजार रूपये) प्रति विद्यालय की दर से कुल उपबंधित राशि ₹5,00,00,000/– (पांच करोड़) मात्र में से वित्त विभागीय पत्रांक–314, दिनांक–01.04.2026 के आलोक में प्रथम किस्त के रूप में 33 प्रतिशत अर्थात कुल ₹1,65,00,000/– (एक करोड़ पैंसठ लाख रूपये) मात्र राशि की स्वीकृति एवं विमुक्ति की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजनान्तर्गत ऐच्छिक शैक्षणिक भ्रमण करने की योजना संचालित है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य के अंदर शैक्षणिक भ्रमण कराकर राज्य के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासतों से छात्र–छात्राओं को अवगत कराने के साथ–साथ सामान्य ज्ञान को बढ़ाना है तथा छात्रों में अपने अतीत के गौरव के ज्ञान के साथ–साथ पढ़ाई में अभिरूचि पैदा करना है। विभिन्न वित्तीय वर्षों के अनुभव से यह स्पष्ट हुआ है कि विद्यलायों में अतिरिक्त संख्या में अध्ययनरत छात्र/छात्रा इससे लाभान्वित हुए है।

2. योजना के संचालन के क्रम में विभागीय पत्रांक–1190 दिनांक–31.10.2019 एवं पत्रांक–1722 दिनांक–31.08.2022 में दिए गए निदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3. इस योजना के तहत आच्छादित प्रत्येक विद्यालय में कम से कम 50 छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण करने हेतु यह राशि उपलब्ध करायी जायेगी। इसके अतिरिक्त व्यय होने की स्थिति में विद्यालय छात्र कोष से राशि उपलब्ध किया जायेगा। संबंधित वित्तीय वर्ष में हीं योजना का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। शैक्षणिक भ्रमण हेतु छात्रों के अभिभावकों से सहमति के उपरांत भ्रमण हेतु स्थल का चयन छात्र–छात्राओं की सहमति से किया जायेगा। भ्रमण सामूहिक होगा एवं वाहन पर राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना का बैनर लगाकर किया जायेगा।

4. प्रत्येक जिले में अवस्थित विद्यालयों के संख्यानुसार (अनुलग्नक–1) संबंधित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) को आवंटन उपलब्ध कराया जायेगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) जिले में अवस्थित वैसे राजकीय/राजकीयकृत/अल्पसंख्यक/प्रोजेक्ट माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय/अनुदानित माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय/उच्च माध्यमिक विद्यालयों जिन्होंने इस मद में पूर्व में प्राप्त राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) के माध्यम से महालेखाकार/विभाग को समर्पित कर दिया है उन्हे ₹20,000 (बीस हजार) की दर से राशि CFMS के अन्तर्गत BTC–42 के माध्यम से संबंधित विद्यालयों के बैंक खातों में राशि उपाबंटित करेंगे।

5. बजट शीर्षः– स्वीकृत राशि ₹1,65,00,000 का विकलन माँग सख्या–21, मुख्य शीर्ष–2202–सामान्य शिक्षा, उप मुख्य शीर्ष–02 माध्यमिक शिक्षा, लघु शीर्ष–109–राजकीय माध्यमिक विद्यालय, उप शीर्ष–0110–मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना, विपत्र कोड–21–2202021090110, विषय शीर्ष–0110.13.01–कार्यालय व्यय अन्तर्गत होगा।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में संगत शीर्ष में ₹5,00,00,000/– (पांच करोड़) रूपये मात्र का उद्व्यय/उपबंध प्राप्त है।

6. राशि का विचलन किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

7. योजना का अनुश्रवण राज्य स्तर पर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक के द्वारा किया जायेगा। विभाग द्वारा चिहिन्त वाह्य संस्था द्वारा इस योजनान्तर्गत प्रदत्त की जाने वाली राशि का वाह्य मूल्यांकन भी सुनिश्चित किया जायेगा।

8. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888/वि०, दिनांक–03.12.2024 की कंडिका–03 एवं कंडिका–05 (ख) (ii) के आलोक में राशि की निकासी की जा रही है।

9. वित्त विभाग के पत्रांक–7355, दिनांक–05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

10. वित्त विभाग के पत्रांक–2561 दिनांक–17.04.1998 की कंडिका–02 के आलोक में वित्त विभाग के पत्रांक–235 दिनांक–01.04.2025 की कंडिका–(ख) राज्य स्कीम अन्तर्गत प्रदत चौमाही बंधेज के तहत राशि की निकासी की जा रही है।

11. संचिका संख्या–11/वि० 11–11/2022 के **पृष्ठ–78/टि०** पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

12. संचिका संख्या–11/वि० 11–11/2022 के **पृष्ठ–79/टि०** पर सचिव, शिक्षा विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

**ह०/–**

**(अजय सतीश भेंगरा)**

उप सचिव

ज्ञापांकः 11/वि० 11–11/2022................ पटना, दिनांक ......................,

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**ह०/–**

उप सचिव



Kri. Reshu

ज्ञापाकः 11/वि० 11–11/2022................ पटना, दिनांक ......................,

प्रतिलिपिः निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग (योजना एवं बजट शाखा)/योजना एवं विकास विभाग/संबंधित उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/सभी जिलाधिकारी/सभी जिला पदाधिकारी/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा)/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा/बजट शाखा/लेखा शाखा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
उप सचिव

ज्ञापाकः 11/वि० 11–11/2022.......609 पटना, दिनांक 17/6/26

प्रतिलिपिः प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17.6.26
उप सचिव

Kri·Resh

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | कुल माध्यमिक /उच्च माध्यमिक विद्यालयों की संख्या | तत्काल स्वीकृत विद्यालयों की संख्या | प्रति विद्यालय 20000/– रूपये की दर से स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुपौल | 194 | 17 | 340000 |
| 2 | खगड़िया | 137 | 12 | 240000 |
| 3 | कटिहार | 260 | 23 | 460000 |
| 4 | गोपालगंज | 246 | 22 | 440000 |
| 5 | औरंगाबाद | 232 | 20 | 400000 |
| 6 | मधुबनी | 418 | 37 | 740000 |
| 7 | नवादा | 208 | 18 | 360000 |
| 8 | अररिया | 231 | 20 | 400000 |
| 9 | नालन्दा | 285 | 26 | 500000 |
| 10 | गया | 386 | 34 | 680000 |
| 11 | भागलपुर | 285 | 25 | 500000 |
| 12 | रोहतास | 285 | 25 | 500000 |
| 13 | पूर्णियां | 267 | 24 | 480000 |
| 14 | पटना | 424 | 37 | 740000 |
| 15 | जहानाबाद | 102 | 9 | 180000 |
| 16 | अरवल | 72 | 6 | 120000 |
| 17 | सहरसा | 168 | 15 | 300000 |
| 18 | कैमूर (भभुआ) | 166 | 15 | 300000 |
| 19 | शिवहर | 56 | 5 | 100000 |
| 20 | मुंगेर | 139 | 12 | 240000 |
| 21 | दरभंगा | 347 | 31 | 620000 |
| 22 | समस्तीपुर | 430 | 38 | 760000 |
| 23 | वैशाली | 322 | 29 | 560000 |
| 24 | भोजपुर | 264 | 23 | 460000 |
| 25 | पश्चिम चम्पारण | 345 | 30 | 600000 |
| 26 | मुजफ्फरपुर | 416 | 37 | 740000 |
| 27 | पूर्वी चम्पारण | 434 | 38 | 760000 |
| 28 | लखीसराय | 118 | 10 | 200000 |
| 29 | सीतामढ़ी | 247 | 22 | 440000 |
| 30 | सारण | 367 | 31 | 620000 |
| 31 | सीवान | 321 | 28 | 560000 |
| 32 | मधेपुरा | 181 | 16 | 320000 |
| 33 | बांका | 205 | 18 | 360000 |
| 34 | शेखपुरा | 66 | 6 | 120000 |
| 35 | बेगूसराय | 261 | 23 | 460000 |
| 36 | बक्सर | 159 | 14 | 280000 |
| 37 | जमुई | 176 | 16 | 320000 |
| 38 | किशनगंज | 142 | 13 | 260000 |
| कुल | | **9360** | **825** | **16500000** |

K·R

17-6-16
उप सचिव, शिक्षा विभाग